दिनांक 15.12.2025 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# उद्यानों में साफ–सफाई एवं पानी सिंचाई कार्य जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ पर्यावरण को हरा–भरा रखने के उददेश्य से उद्यानों की साफ–सफाई एवं सिंचाई कराने निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निर्देशित किया गया है। नेहरू नगर स्थित कुसुम कानन उद्यान, योग उद्यान, राशि उद्यान, सेक्टर 2 तालाब उद्यान, सेक्टर 6 धोबीघाट उद्यान, सेक्टर 7 उद्यान, ट्रैफिक पार्क, शास्त्री उद्यान एवं हुड़को स्थित सुभाष उद्यान सहित अन्य उद्यानों की साफ–सफाई एवं पौधो में सिंचाई किया जा रहा है। सभी उद्यानों में निगम के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी को कार्य सौंपा गया है। जो प्रतिदिन उद्यानों की साफ–सफाई एवं रोपित किये गये पौधो में पानी सिंचाई कर रहे है।

केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत सभी जोन क्षेत्र के चिन्हित स्थलों में महिला स्व–सहायता द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। पौधो की देखरेख, गुड़ाई एवं सिंचाई कर पौधो को बड़ा करने का कार्य सौंपा गया है। समूह की महिलाओं द्वारा प्रतिदिन पौधो में पानी सिंचाई कर जीवित रखने का कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण को हरा–भरा रखने में महिलाओं द्वारा विशेष योगदान दिया जा रहा है।

